India Media Monitor

Amar Ujala

Desh mai hi hoga tyreon par vishvstariya shodh

Aug 29, 2018 | Delhi | Pg No.: 13 | Middle Center | shishir chaurasiya | Sq Cm: 100 | AVE: 192594 | PR Value: 962970

देश में ही होगा टायरों पर विश्वस्तरीय शोध

जेके टायर ने मैसूर में शुरू किया अत्याधुनिक ग्लोबल रिसर्च सेंटर, बढ़ेगी टायरों की गुणवत्ता

शिशिर चौरसिया

मैसूर। अग्रणी टायर निर्माता कंपनी जेके टायर ने अपने मैसूर स्थित परिसर में ग्लोबल रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी सेंटर (रघुपति सिंघानिया सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) की स्थापना की है।

200 करोड़ रुपये से भी ज्यादा के निवेश से तैयार इस केंद्र का उद्घाटन मंगलवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने किया। कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक रघुपति सिंघानिया ने इस अवसर पर बताया कि इस विश्वस्तरीय आरएंडडी सेंटर के तैयार होने से अब टायर के क्षेत्र में विश्वस्तरीय शोध यहीं हो सकेंगे। यहां एक ही छत के नीचे मैटेरियल रिसोर्स से लेकर टायर डिजाइन, सिमुलेशन, वैलिडेशन और टेस्टिंग की सुविधा उपलब्ध होगी। अभी कंपनी की देश में नौ, जबकि मैक्सिको में तीन उत्पादन इकाइयां हैं।

मैसूर होगा आरएंडडी केंद्र

केंद्र के निदेशक डॉ. आर मुखोपाध्याय ने बताया कि यूं तो जेके टायर ने वर्ष 1991 में ही राजस्थान के जेके ग्राम में एक अनुसंधान एवं विकास केंद्र की स्थापना की थी। उसके बाद एनसीआर के फरीदाबाद और मैसूर में भी आरएंडडी सेंटर की स्थापना की गई। लेकिन ये सब छोटे-छोटे केंद्र थे, जहां सीमित क्षेत्र में अनुसंधान होता था।